हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025



13 धनतेरस-दीपावली के लिए सजा बाजार





14 हल्बी आदिवासी समाज के मोहित भौसार्य बने अध्यक्ष






## 5000 मीटर पैदल चाल दौड़ में अमित ने जीता गोल्ड मेडल, जाएंगे अमेरिका

### अमेरिका में होने वाली अंडर 20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुन्दा

40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फेरा लगाकर कपड़े बेचने वाले के बेटे ने अन्य राज्यों के खिलाड़ियों को परास्त करते हुए 5 हजार मीटर के पैदल चाल दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया। अब जिले का युवा खिलाड़ी अमेरिका में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाएगा।

यह प्रतियोगिता भुवनेश्वर में आयोजित की गई थी। जिले के अर्जुन्दा निवासी अमित कुमार राजपूत ने 5000 मीटर पैदल चाल दौड़ में मध्यप्रदेश और हरियाणा के खिलाड़ियो को हराकर गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने यह दौड़ 19.42 मिनट में पूरी की और अगले साल अमेरिका में होने वाले अंडर 20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया हैं।

इस प्रतियोगिता में क्वालीफाई होने के लिए निर्धारित समय 20.50 मिनट था, जिसे अमित ने पूरा करते हुए अमेरिका के लिए क्वालीफाई किया है। यह प्रतियोगिता 2026 के अगस्त में अमेरिका के ओरेगन में प्रस्तावित है। वहीं पहली बार प्रतियोगिता में 10 हजार की जगह 5 हजार मीटर की रेसवाक हुई। अमित कुमार राजपूत ने बताया कि वे पिछले 3 साल से जूनियर कैटेगरी की नेशनल चैंपियनशिप की रेसवाक में हिस्सा ले रहे हैं।





#### कड़ी मेहनत और गुरू के मार्गदर्शन मिला लक्ष्य

उन्होंने पहला गोल्ड 2 साल पहले कोयंबटूर में और दूसरा गोल्ड पिछले साल भुवनेश्वर में 10 हजार मीटर रेसवाक में जीता था। इस बार उन्होंने 5 हजार मीटर में चुनौती पेश की और कड़ी मेहनत और गुरू के मार्गदर्शन तथा पालकों व परिवार वालों के प्रोत्साहन से जीत हासिल की। जिले के अर्जुन्दा वार्ड 15 निवासी अमित कुमार राजपूत के पिता घूम घूमकर कपड़ा बेचते है। अमित बीते चार साल से बहतराई स्थित एक्सीलेंस सेंटर में रहकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने गोल्ड मेडल जितने का श्रेय अपने कोच द्रोणाचार्य अवार्डी, जसविंदर सिंह भाटिया व माता-पिता के साथ परिवार को दिया है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते छह जुआरी पकड़ाये, 4530 रुपए जब्त

**बालोद।** दीपावली नजदीक आते ही जुआ-सट्टा का खेल बढ़ गया है। लोग ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहों के साथ शहर व अन्य सुनसान ईलाकों में पहुंचकर समूह में जुआ सट्टा का।, इसी क्रम में जुआ सट्टा का दाव लगा रहे 6 लोगों को गुण्डरदेही पुलिस ने पकड़ा है। जिनसे पुलिस ने 4530 रूपये जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार थाना गुण्डरदेही पुलिस रात्रि में गस्त भ्रमण पर रवाना हुई थी, तभी मुखबीर के माध्यम से सूचना पर रेड कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 6 जुआरियों के फड़ एवं पास से कुल नगदी रकम 4530 रूपये व 52 पत्ती तास जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम नाहंदा कला मंच चांदनी चौक के पास दयालुराम 50 वर्ष, नंदकुमार ठाकुर 35 वर्ष, दुर्गेश कुमार ठाकुर 25 वर्ष, देवेन्द्र सोनकर 27 वर्ष, तोरण ठाकुर 28 वर्ष, डोमन यादव 29 वर्ष सभी नाहंदा थाना गुण्डरदेही निवासी के पास से 4530 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त किया गया। मामला जमानतीय होने एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### प्राकृतिक आपदा में मृत के परिजनों को 4 लाख आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 02 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों के अनुसार 04–04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करे। जारी आदेश में मृतक देवारिन बाई के पति कुंवर सिंह ग्राम कोटागांव तहसील डौण्डी एवं मृतक गुलेश्वर के पिता शत्रुघ्न ग्राम मरकाटोला डौण्डी को 04–04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### युवक से गाली गलौज और मारपीट की, मामला दर्ज

**बालोद।** नल का पानी गली में बहने तथा गली में गाड़ी चलने पर गंदे पानी के छीटे दिवाल व घर में जाने से नाराज पड़ोसी ने युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अपने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बरही निवासी ओंकार सिन्हा ने पुलिस को बताया मेरे घर के सामने केशव मण्डावी का घर हैं, मेरे घर में ▸▸| शेष पेज 12 पर

## आयोजन

### जिला भाजपा की बैठक में सदस्यों ने गिनाई केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

## भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार-मुक्त योजना का दिखाई देने लगा असर





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में पिछड़ा वर्ग और किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर एवं प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष अशोक साहू सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं पं. श्यामप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। स्वागत भाषण किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष टोमन साहू व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने दिया। संचालन भाजपा जिला महामंत्री राकेश 'छोटू' यादव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक सिंह ठाकुर ने कहा आज़ादी के 78 वर्षों में किसानों के हित में सबसे अधिक कार्य भाजपा सरकार ने किए। अटल बिहारी वाजपेयी ने किसान क्रेडिट कार्ड जैसी ऐतिहासिक योजना की शुरुआत की। डॉ. रमन सिंह सरकार ने किसानों के लिए 0 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की व्यवस्था की। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों पर कंपोस्ट खाद के नाम पर जबरन कर्ज थोपा गया। भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त योजनाओं और किसान हितैषी निर्णयों से क्रांति लाई। प्रदेश अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक साहू ने कहा ओबीसी वर्ग भाजपा की रीढ़ की हड्डी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी को संवैधानिक दर्जा देकर ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि ओबीसी समाज से जुड़ने के लिए बूथ स्तर पर कार्य करें। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं पिछड़े वर्ग से आते हैं, उन्होंने किसानों व गरीबों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। किसान व पिछड़ा वर्ग दोनों ही भाजपा की मूल ताकत हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा भाजपा का सर्वस्पशएँ कार्य, समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। मोर्चा व प्रकोष्ठों का गठन समाज के हर तबके को पाटएँ से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विचारधारा व संगठन के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में पवन साहू, कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, देवेंद्र जयसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष द्वय प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, जिले के पदाधिकारी एवं जिले के किसान मोर्चा व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## युवक को मोटर सायकिल ने मारी ठोकर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

रात में गांव के मुख्य सड़क की ओर टहलने निकलने युवक को मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद युवक की मां ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम तितुरगहन थाना सनौद निवासी हिरमोतीन बाई साहू ने पुलिस को बताया कि 13 अक्टूबर को मेरा लड़का माधव सिंह साहू 27 वर्ष रात्रि करीबन 08 बजे खाना खाकर टहलने जा रहा हूं कहकर घर से निकला था, जो रात्रि करीबन 08.30 बजे मेरे गांव का कोई व्यक्ति मेरे घर आकर बताया कि आपका लडका माधव सिंह साहू को रोड में टहलते समय कोई मोटर सायकल चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे चोट लगा है, मैं सनौद से गुरूर रोड तरफ गई और देखी तो मेरे लडका माधव सिंह साहू को चोट लगने से निजी वाहन से ईलाज के लिये धमतरी अस्पताल लेकर गये हैं, वहीं पास खडे गांव के व्यक्तियों से पता चला कि रात्रि लगभग 08.20 बजे ग्राम तितुरगहन भुपेन्द्र साहू के घर के सामने सनौद गुरूर रोड में ग्राम सनौद से गुरूर की ओर जा रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 5915 के चालक द्वारा पैदल चल रहे माधव सिंह साहू को पीछे से ठोकर मार दिये, जिससे माधव सिंह साहू के सिर, होंठ, कान में चोट आया है, खून निकला है, घटना के बाद आसपास के लोगों द्वारा माधव सिंह साहू को ईलाज के लिये निजी वाहन से धमतरी अस्पताल लेकर गये हैं।

## बीट सेक्टर अधिकारी, प्रभारी और आरक्षक की तैनाती से जिले में पुलिसिंग और निगरानी होगी प्रभावी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु बीट सेक्टर अधिकारी, बीट प्रभारी एवं बीट आरक्षक की तैनाती एवं कार्य को लेकर निर्देश जारी हुए। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय भ्रमण एवं जनसंवाद पर दिया जाएगा जोर, अवैध गतिविधियों लगाम पर कसी जाएगी।

- नागरिकों की सूचनाओं से होगी सुरक्षा मजबूत, "पुलिस आपकी मित्र है"

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक बालोद के मार्गदर्शन में बालोद पुलिस द्वारा जिले में बीट प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को बीट सेक्टर अधिकारी, बीट प्रभारी एवं बीट आरक्षक को तैनात कर उनके पद नाम, संपर्क नंबर तथा जिले के पुलिस कंट्रोल रूम नंबर को पोस्टर बनाकर गांव में लगवाने निर्देशित किए हैं जिससे आम जनों को पुलिस के साथ संवाद करने में सुविधा मिल सके। "निरंतर क्षेत्र भ्रमण और जनता से संवाद स्थापित करने से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का संबंध और मजबूत होगा, इससे न केवल अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर सूचनाओं का प्रवाह भी अधिक प्रभावी होगा।।" बीट प्रणाली पुलिस व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, नियमित बीट निरीक्षण, क्षेत्रीय उपस्थिति और आम नागरिकों से सतत संपर्क से पुलिस का नियंत्रण एवं सूचना तंत्र और बेसिक पुलिसिंग अधिक मजबूत होगा। बीट प्रभारियों के कार्य दायित्व में बीट भ्रमण कर क्षेत्र में हो रही सम्पूर्ण गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना। जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेना। असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखते हुए शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना। वरिष्ठ अधिकारियों को ▸▸| शेष पेज 12 पर







### शहीदों की वीरता और बलिदान हम सब के लिए गर्व है: विधायक

## शहीदों के सम्मान में मना शहीद दिवस





हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम खैरवना में शहीद गनरु राम मंडावी एवं भूतपूर्व सैनिक स्व. रतनलाल मंडावी के सम्मान में समर्पण शिवम समिति के तत्वावधान में शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। साथ में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य धारा चौधरी, सरपंच मटिया (अ) सुधा चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुंदा कुलदीप साहू, अध्यक्ष पूर्व सैनिक परिषद बालोद नंदकिशोर साहू तथा शहीद परिवार के परिजन मौजूद रहे। शहीद स्मारक ख़ैरबना अर्जुंदा में आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह 11 बजे शांतिपाठ के साथ प्रारंभ हुआ। उसके बाद अतिथियों का आगमन पश्चात शहीद परिवार के परिजनों का अभिनन्दन किया गया तथा मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। सभी अतिथियों ने शहीद जवानों की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर गांव सहित आस पास के ग्रामीणजन देशभक्ति के रंग में रंगे दिखे तथा भारत माता की जय एवं शहीद जवान अमर रहे के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने इन दोनों जवानों के योगदान का पुण्य स्मरण किया तथा कहा कि उनकी वीरता व बलिदान हम सब के लिए गर्व का विषय है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हम सबकी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी इन शहीदों के योगदान का पुण्य स्मरण करें और उनकी वीरता से नई प्रेरणा लेकर देशसेवा के लिए अग्रसर होकर कार्य करें। इन वीरों की शहादत सभी के लिए प्रेरणा का केंद्रबिंदु है।

खैरबना की धरती ने ऐसे सपूत को जन्म देकर देश के लिए समर्पित किया। हम सभी इसके लिए कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हैं। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया तथा सभी ने राष्ट्र के प्रति शहीदों के योगदान को अविस्मरणीय बताया। अतिथियों के द्वारा शहीद परिवार के परिजनों का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बच्चों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई

**भिलाई।** यातायात पुलिस ने छावनी क्षेत्र स्थित बैकुंठधाम के समीप चेकिंग के दौरान मालवाहक वाहन टाटा एस सीजी 04 जेडसी 0640 को रोका। वाहन चालक एवं मालिक दुर्गेश वर्मा पर उक्त वाहन में लगभग 35 स्कूली बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने पर कार्रवाई की। इसके बाद पुलिस ने बस के माध्यम से बच्चों को देवबलोदा–चरोदा क्षेत्र में उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया। इसके अलावा पुलिस ने सूर्या मॉल जुनवानी, नेहरू नगर क्षेत्र में फुटपाथ एवं सड़क को घेरकर अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की। खबर है कि पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। सूचना पर यातायात पुलिस की टीम त्वरित रूप से मौके पर पहुंची, जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फुटपाथ के ऊपर रस्सी लगाकर मार्ग को आंशिक रूप से घेरा गया था। वाहनों की पार्किंग हेतु शुल्क लिया जा रहा था। पुलिस टीम ने अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों को सचेत किया। क्रेन की सहायता से अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया। मौके पर अवैध वसूली में लिप्त पाए गए व्यक्ति को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि फुटपाथ और सार्वजनिक मार्ग केवल पैदल यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए आरक्षित हैं, उनका किसी भी प्रकार से निजी उपयोग या वाणिज्यिक दोहन अस्वीकार्य है। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां सड़क पर गड्ढे, दरारें या क्षतिग्रस्त हिस्से पाए गए, वहां मरम्मत के लिए निगम, एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को सूचना दी गई।

### गांजा तस्कर को 68 दिन की सजा और 15 हजार का लगाया जुर्माना

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत पतोरा से देउरझाल मार्ग पर 1.280 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़े गए हथखोज पारा निवासी बनवारी पिता लालाराम अग्रवाल (50 वर्ष) को न्यायालय ने 68 दिनों के कारावास से दंडित किया। उस पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाशीध पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 1 अगस्त 2025 को रात करीब 9.55 बजे की है। उतई पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि घटना स्थल पर आरोपी गांजा की तस्करी के फिराक में खड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। अपराध दर्ज कर प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। उसे गिरफ्तारी दिनांक 2 अगस्त 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक यानी 68 दिन की सजा सुनाई। आरोपी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

## बैठक : 11 चेकपोस्ट में समुचित निगरानी की व्यवस्था बनाएं

# कलेक्टर मिश्रा ने जिले में धान खरीदी, शिक्षा कुपोषण मुक्त पहल व सोलर योजना की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक सपांदित करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित राजस्व, खाद्य, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को शासन की विशेष प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नही है। बैठक में मिश्रा ने आगामी 15 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य के अंतर्गत केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध धान की खरीदी न हो सके इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में अवैध धान की खरीदी की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों को चिन्हित करने के अलावा जिले के 11 चेकपोस्ट में समुचित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने धान खरीदी कार्य में लगे खाद्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागो के अधिकारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर जिले में धान खरीदी के कार्य को संपन्न कराने में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी से बालोद जिले में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को उत्कृष्ट बनाने तथा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए कार्य योजना के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में शिक्षक–शिक्षिकाओं का समय पर शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के अलावा सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक मशीन लगवाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी स्कूलों मेंरूप से न्योता भोज का आयोजन कराने तथा इस कार्य में जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारियों की भी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक मे मिश्रा ने जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने कृषि विभाग के उप संचालक को जिले के किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने भविष्य में जल संकट की चुनौतियों को देखते हुए किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल के उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। इसके अंतर्गत उन्होंने किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के अलावा गन्ना, चना, सरसों, तिवड़ा आदि फसल उत्पादन के लिए समझाईश देने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत अपने–अपने घरों में सोलर प्लेट लगाने को कहा।

बैठक में मिश्रा ने बालोद जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य सभी विभागों के अधिकारियों को इस कार्य को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तहसील साहू संघ त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा अंतर्गत त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। इस बार नवीन नियमावली के तहत तहसील डौंडीलोहारा अंतर्गत समस्त आजीवन सदस्यों, समस्त परिक्षेत्रीय व ग्रामीण साहू समाज के निर्वाचित पदाधिकारियों ने मतदान में भाग लिया। सामाजिक चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा व साहू समाज के समस्त मतदाताओं व उम्मीदवारों ने साहू समाज की गरिमा के अनुकूल पूरी तरह निष्पक्ष व व्यवस्थित निर्वाचन हेतु चुनाव पर्यवेक्षकों लेख राम साहू, हरीश साहू और लक्ष्मी नारायण साहू के द्वारा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराया गया जिसकी सराहना की। इस निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर परमानंद साहू( बड़गांव) ने विजय प्राप्त किया। उपाध्यक्ष पुरुष हेतु शिवेन्द्र बहादुर साहू ( डौंडीलोहारा) ने विजय प्राप्त किया । उपाध्यक्ष महिला पद पर लोकेश्वरी गोपी साहू ( डौंडीलोहारा) ने विजय प्राप्त किया ।

संगठन सचिव पुरुष पद पर युवराज साहू( रेंगाडबरी) ने विजय प्राप्त किया । संगठन सचिव ( महिला) पद पर निर्मला साहू( सिरपुर बगईकोन्हा) ने विजय प्राप्त किया । परिणाम की विधिवत घोषणा पश्चात सभी विजयी प्रत्याशियों को चुनाव पर्यवेक्षकों द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष परमानंद साहू ने संबोधित करते हुये कहा कि समाज को गौरवशाली शिखर तक पहुंचाना प्रथम लक्ष्य है, समाज में युवा सहभागिता व महिला शक्ति के बल पर हम उत्कृष्ट मुकाम प्राप्त करेंगें। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि समस्त नवनिर्वाचित ग्रामीण व परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों हेतु सामाजिक नियमावली का कार्यशाला व साहू समाज के मार्गदर्शन में निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग तथा कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम प्रथम प्राथमिकता है। अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को स्थान दिया जायेगा। तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा का विस्तार करते समय सभी परिक्षेत्रों को बराबर प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। सामाजिक नियमावली का प्रकाशन व विमोचन कर शीघ्र समस्त पदाधिकारियों को वितरित किया जायेगा। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने कहा कि तहसील साहू संघ के भवन में ऊपर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मेरा प्रथम लक्ष्य है साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । सबसे प्रमुख ईकाई ग्रामीण ईकाई होती है अतः ग्रामीण ईकाई को मजबूत करने पर बल दिया जायेगा।

इसी तरह नवनिर्वाचित संगठन सचिव युवराज साहू व निर्मला साहू ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के समस्त पदाधिकारी, आजीवन व संरक्षक सदस्य , समस्त ग्रामीण व परिक्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला प्रतिनिधि, राष्ट्रीय विधि प्रकोष्ठ संयोजक अजय साहू, अनीता साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष सिया राम सार्वा, खेमंत साहू, कल्याण साहू, महावीर साहू, गोपीनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# समाज की नई कार्यकारिणी गठित सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ठेठवार उपमहासभा बालोद के गठन का प्रथम निर्वाचन ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में संपन हुआ। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ, जिसमे अध्यक्ष छगन यादव गिरहोला, कांकेर राज को बनाया गया। वही महासचिव नंदकिशोर यादव टेकापार, बालोद राज, कोषाध्यक्ष खेमलाल यादव डोंगरगढ़ राज को बनाया गया।

सभी राज अध्यक्षों को पदेन उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया हैं, जिसमे जिलाध्यक्ष बालोद डॉ. उत्तम यादव, बालोद राज ताम्रध्वज यादव, संजारी राज भूषण यादव, डौंडी लोहारा राज केशव यादव, गुण्डरदेही राज विरेंद्र यादव, भिलाई नगर नरेंद्र यादव, धमधा राज साधुराम यादव, डोंगरगढ़ राज राजू यादव, चौकी राज ओमप्रकाश यदु,. अउरदा राज नीलकंठ यादव को बनाया गया।

कार्यक्रम में सभापति रमन यादव धमधा राज, उपमहासभा बालोद के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र यदु, संरक्षक छगन यादव एवं जिला संगठन अध्यक्ष डॉ. उत्तम यदु ने उपस्थित अतिथियों और समाज के सभी राजाध्यक्षों का स्वागत किया। बालोद राज के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, महासचिव एलेंद्र यादव एवं कोषाध्यक्ष हेमंत यादव ने भी विशेष सम्मान व्यक्त किया। उपमहासभा अध्यक्ष डा. सुरेन्द्र यदु ने समाज की वर्तमान उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

संरक्षक छगन यादव ने नवगठित उपमहासभा के लिए संगठन की रूपरेखा और विकास के दिशा–निर्देश दिए। महासचिव नंदकिशोर यादव ने निर्वाचन नियमावली का विस्तृत वर्णन कर नामांकन के लिए आह्वान किया।

समापन अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र यदु ने धन्यवाद ज्ञापन किया और महासचिव नंदकिशोर यादव ने पूरे कार्यक्रम का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया। इस आयोजन ने समाज की एकता और नवोन्मेषी विकास की नई उड़ान का संदेश दिया। उपर्युक्त जानकारी देते हुए बालोद जिला संगठन महासचिव बलदेव यादव ने बताया कि इस अवसर पर अन्य उपस्थित पदाधिकारियों में डोंगरगढ़ राज उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, सचिव सुरेश यादव, सदस्य खेमलाल एवं सुरेश यादव, बालोद राज सह सचिव सचिन, सिद्धेश्वर यादव, गुंडरदेही राज दिलीप यादव, घनश्याम यादव, जीवन यदु, भानु यदु, जिला महासचिव देवेंद्र यदु कोषाध्यक्ष, हरिश्चंद्र, घनश्याम सिंह उपस्थित थे।

### बीएसपी में नवीन सुरक्षा समाधान पहल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की इस उत्कृष्ट सहभागिता और प्रभावी प्रदर्शन के लिए उसे 'क्यूसीएफआई भिलाई चैप्टर कन्वेंशन 2025'में 'सेफ्टी सर्कल में सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार'से सम्मानित किया गया। 83 पंजीकृत टीमों में से 81 टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए नवीन सुरक्षा समाधान प्रस्तुत किए। इसमें 400 से अधिक कर्मचारियों और ठेका कार्मिकों,जिनमें 81 अधिकारी भी शामिल थे। यह आयोजन एचआरडीसी के चार हॉलों में संपन्न हुआ,जिसमें आठ विशेषज्ञों की मूल्यांकन समिति ने दो चरणों में प्रतियोगिता का आकलन किया। टीमों का मूल्यांकन 100 अंकों के पैमाने पर किया गया। स्ट्रक्चर्ड मेंटरिंग के माध्यम से टीमों ने जोखिम कारकों की पहचान की, 150 से अधिक सुरक्षा सुधार प्रस्तावित किए तथा उनमें से 120 को सफलतापूर्वक लागू भी किया। इससे संयंत्र में जोखिम में उल्लेखनीय कमी आई तथा समग्र सुरक्षा प्रदर्शन में दृश्यमान सुधार दर्ज किया गया।


# दीप पर्व पर मवेशियों के श्रृंगार की धूम, राऊत समाज कर रहा पारंपरिक सोहई तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली त्यौहार के अवसर पर मवेशियो में बांधे जाने वाले सोहई को बनाने का कार्य जिले के राऊत यादव समाज के लोगो के द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम नेवारीकला के राऊत समाज के ग्वालो द्वारा दिन रात सोहई बनाने के कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ग्राम नेवारीकला के चरवाहे नारद रावत, विष्णु रावत, गोपेन्द्र रावत, हेमु रावत ने बताया कि सोहई दो प्रकार की होती है, पहली बाक निर्मित सोहई व दूसरी प्लास्टिक की होती है। बाक सोहई परसा पेड़ के जड़ के रेसो से बनाया जाता है जो असली सोहई होती है और दूसरी प्लास्टिक सोहई जो बोरी के रस्सी व प्लास्टिक के मोटे रस्सी से निर्मित होती है, जिसमे मयूर पंख का भी उपयोग होता है।

- परसा पेड़ की जड़ों से लेकर प्लास्टिक की रस्सियों तक
- पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह की सोहई का निर्माण





ग्वालो ने बताया कि सावन लगने के साथ ही सोहई बनाने के कार्य मे लग जाते है, जिसके तहत सबसे पहले बाक की सोहई बनाने के लिए परसा पेड़ के जड़ो के मोटे रेसो को खरीदकर महंगे दामो में लाते है जिसके बाद उस रेसो को छोटे छोटे पतले रेंसो में बदलते है जहां ढाड़ी की मदद से उसे रस्सी मे तब्दील करने का कार्य करते है जो सबसे मेहनत वाला कार्य होता है। वही इसी तरह बोरी से उसके धागे अलग कर उनको ढाड़ी की मदद से एक रस्सी का रूप देने का कार्य करते है। जहां एक एक रेसा व रस्सी मिलाकर सोहई का निर्माण किया जाता है।

ग्वालो ने बताया कि सोहई के कई प्रकार होते है जिसमें पचेड़ी, सोहई, दोहर, पिंक, गांठ सोहई सम्मिलित है। जिसमे से सोहई गायो मे बांधी जाती है, पचेड़ी भैसो मे बांधी जाती है, गांठ बछड़ा मे बांधा जाता है व यादव समाज द्वारा अपने मवेशीयो में दोहर बांधा जाता है। वही सोहई के तहत एक गांठ, तीन गांठ, पांच गांठ, आठ गांठ, दस व बारह गांठ के सोहई होते है, जिसके तहत जितने गांठ का सोहई होगा वह उतना ही चौड़ा और बड़ा सोहई बनते जाता है, अधिकांश छोटे मवेशीयो मे एक गांठ से लेकर तीन गांठ तक ही सोहई बांधा जाता है, वही बड़े गांयो मे पांच से लेकर उससे ऊपर के गांठो के सोहई बांधे जाते है। सोहई को और आकर्शक बनाने के लिए सोहई में मयूर पंख, कौड़ी, दर्पण लगाए जाते है तथा उन्हे अन्य विभिन्न रंगो से रंग दिया जाता है। इसी तरह पचेड़ी व अन्य सोहई में भी यही कार्य किया जाता है जिससे वे और भी ज्यादा आकर्शक और सुंदर दिखते है।

## साहू ने समाज की एकता, प्रगति और सहयोग पर जोर दिया

# परिक्षेत्रीय साहू संघ के टेसराम साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय साहू संघ बेल्हारी के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 का मतदान साहू सदन बेल्हारी में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें ग्राम गातापार निवासी टेसराम साहू पुनः अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए एवं उनके नेतृत्व में गठित पैनल ने बहुमत से विजय प्राप्त किया। तत्पश्चात शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। उपाध्यक्ष पद पर महेश गंजीर ग्राम ओदरागहन एवं लता साहू गातापार निर्वाचित हुए हैं, वहीं संगठन सचिव पद पर चेतन साहू चारभांठा एवं खुनेश्वरी साहू किकिरमेटा ने जीत दर्ज की। मतगणना समाप्त होने के बाद मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक किशोर साहू ने उक्त घोषणा किए। शपथ ग्रहण समारोह में आभार प्रगट करते हुए गत त्रिवर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पुनः निर्वाचित साहू समाज बेलहारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टेसराम साहू ने बताया कि तहसील स्तरीय आदर्श विवाह गातापार ,परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती रिवागहन ओदग़राहन अरमरीखुर्द में मनाए। इसी अवधि में कर्मा भवन बेलहारी का आहता निर्माण हुआ और कर्मा भवन प्रांगण में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू के मद से 5 लाख 82 हजार रु का चेकर टाइल्स का भूमिपूजन सांसद विजय बघेल ने इसी माह किया। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यविधि में 18 ग्रामों में निवासरत साहू समाज के निर्वाचित जिला जनपद सरपंच पंच सहित नवोदय में चयनित समाज के होनहार बच्चों का सम्मान कर का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वरिष्ठ जनो का आशीर्वाद प्राप्त कर नियमावली का पालन करते हुए समाज की एकता, प्रगति और सहयोग की भावना से संगठन को नई दिशा देने कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। सभी संगी साथी का पुनः आभार। इस दौरान तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव खेमलाल साहू, लालेश्वर साहू, धनराज साहू, कमलेश्वरी साहू, किशन हिरवानी, डॉ गुलाब साहू,सरिता साहू, रामनारायण साहू, पारखत साहू,सरजू साहू, जोगीराम साहू, हरिशंकर साहू, गोपेश साहू, कमलेश साहू, जीवधन साहू, कोमीन साहू, विमला साहू, भूमिका गंजीर,छगन साहू, संजू साहू, बेनी राम साहू, लोकेश साहू,नारद साहू,प्रेमलाल साहू, मूलचंद साहू,बलराम साहू, अंगेश्वर साहू, बबलू साहू, कैलाश साहू, मनोहर साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- समारोह में तहसील अध्यक्ष, महासचिव और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही







## पेज 11 के शेष

### युवक से गाली गलौज और मारपीट ...

शासकीय नल लगा हुआ है अतिरिक्त पानी घर से बाहर निकलता है, जिसके निकासी के लिये कच्ची नाली बनाकर रखे है। नाली में पानी भर जाने से नाली का पानी रोड़ पर चला जाता हैं, रोंड़ में वाहन चलने के कारण पानी केशव मण्डावी के घर तरफ छिंटकता है, 13 अक्टूबर को शाम 04.30 बजे मैं एवं मेरा भाई घर की पुताई कर रहे थे, उस समय पानी निकासी की बातों को लेकर केशव मण्डावी ने मेरे भाई रोहित सिन्हा को नल के पानी को बाहर निकालने से मना किया, तब मेरे भाई ने उसे अतिरिक्त पानी को मैं रोक नहीं सकता बोला तो केशव मण्डावी ने मेरे भाई रोहित सिन्हा को तु मेरी बात नहीं मान रहा है। कहकर गाली गलौज करने लगा, तब मेरा भाई रोहित सिन्हा गाली देने से मना किया तो मौके पर उपस्थित केशव मण्डावी का लड़का अनिल मण्डावी ने मेरे भाई को धमकी देकर अपने घर से कपड़ा बुनने का स्लाडर को लाकर भाई के सिर में मारपीट किया है। जिससे मेरे भाई रोहित के सिर में चोट लगी है।

### बीट सेक्टर अधिकारी, बीट ...

बीट भ्रमण एवं संवाद गतिविधियों की नियमित रिपोर्टिंग करना। बालोद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें और "पुलिस आपकी मित्र है" इस भावना को बनाए रखें।


।। पितृ कृपा ।।
श्री बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
नए-नए डिजायन मजबूत लेकिन किफायती दर पर टाईल्स एवं मार्बल प्राप्त करने का एक मात्र स्थान

रायपुर रेट में उपलब्ध
सभी प्रकार के ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स, कोटा स्टोन, फर्शी पत्थर, तुलसी चौरा एवं मंदिर के विक्रेता


**खबर संक्षेप**

### डिजिटल सर्वेक्षण से किसानों को लाभ, ग्राम पंचायतों में सूची प्रकाशन का कार्य जारी

**बालोद।** जिले के ग्राम पंचायतों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। जिससे किसान अपने ग्राम पंचायत में अपने फसल प्रविष्टि की जानकारी का अवलोकन कर सकते हैं। इसके साथ ही किसान वेबसाईड पर ऑनलाईन माध्यम से भी अपने बोऐ गए फसल की प्रविष्टि से संबंधित जानकारियों का अवलोकन कर सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के अवसर पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन भी कराया गया है।

### गौधाम संचालन के लिए आवेदन की तिथि अब 15 तक

**बालोद।** राज्य शासन की गौधाम योजना के अंतर्गत गौधाम के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ), ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, सहकारी समितियों से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में गौधाम संचालन हेतु आवेदन करने की तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 15 अक्टूबर तक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि गोधाम योजना के अंतर्गत उपयुक्त स्थानों पर निराश्रित, घुमंतु तथा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित), कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 अंतर्गत जब्त किए गए गौवंश के पशुओं के संरक्षण, संर्वधन किया जाएगा। उप सचांलक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऐसी शासकीय भूमि जिसमें सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी की सुविधा, बिजली तथा हरा चारा उत्पादन हेतु चारागाह की भूमि की सुविधा होगी। उन स्थानों पर जिला प्रशासन के प्रस्ताव के आधार पर राज्य गौसेवा आयोग की स्वीकृति उपरांत चयनित संस्थाओं को गोधाम की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

### चंदखुरी में चक्काजाम करने वालों पर केस दर्ज

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत चंदखुरी में दो दिन पहले धर्मकांटा के करीब सड़क हादसे में महिला की मौत के पर हुए चक्काजाम के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मामले में गणेश चंद्राकर की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में पुलिस ने राजू निर्मलकर, अजय देशमुख, संतोष ढीमर, अभिषेक निषाद, विक्की सतनामी, मनीष चंद्राकर सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि उन्होंने सड़क जाम किया। साथ ही इस दौरान लोगों से गालीगलौच की। बता दें कि घटना के दौरान चंदखुरी निवासी उतरा पति लेखराम साहू (37 वर्ष) की मौत हो गई थी।

**पहल : रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र व मोमेंटो से किया सम्मानित**

# शिविर में 500 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में मेगा रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, अध्यक्षता लीलेंद्र सिन्हा अध्यक्ष शाला प्रबंधन और विकास समिति शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विशेष अतिथि नेहा उपाध्याय उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा, विद्या शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत, सूर्यकला ठाकुर पार्षद के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र के समक्ष में पूजन अर्चन से हुआ। उपस्थित चिकित्सीय टीम का स्वागत वंदन के पश्चात स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का प्रारंभ हुआ। डॉ अजय साहू व उनकी टीम शासकीय जिला चिकित्सालय बालोद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा द्वारा बारी बारी से स्वास्थ्य परीक्षण करके रक्तदान कार्यक्रम शुरू हुआ।

- सीपीआर प्रशिक्षण व जागरूकता प्रदर्शन से छात्रों ने सीखी जीवनरक्षक तकनीकें



कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 500 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत हीमोग्लोबिन परीक्षण, रक्त समूह परीक्षण, सिकलिन जांच आदि परीक्षण कार्य किया गया। नगर के विभिन्न रक्तदाताओं के द्वारा उपस्थित होकर रक्तदान का पुण्य कार्य किया गया।जिसमें खेमंत साहू शिक्षक, नरेंद्र यादव, सीमा जामवंते रेडक्रॉस वालेंटियर ,पूर्व छात्र तेजप्रकाश, प्रतीक, उज्जवल, लूकेन्द्र, पूनम,अनिल, वरुण आदि के द्वारा आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।जानकारी प्रदान करते हुए विद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा के द्वारा जानकारी प्रदान किया गया कि रक्तदान शिविर में भेड़ी से आयी पालक दंपत्ति अंगेश्वर साहू 33वीं बार और उनकी धर्मपत्नी के द्वारा 3री बार रक्तदान एवं संस्था के व्याख्याता भूपेंद्र पटेल द्वारा रक्तदान करके बच्चों के साथ साथ समाज को भी रक्तदान महादान से संबंधित सकारात्मक संदेश प्रदान किया गया। रक्तदाताओं को अजय सर और उनकी टीम के द्वारा प्रमाण पत्र व जूनियर रेडक्रॉस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के द्वारा मोमेंटो प्रदान करके सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक रेडक्रॉस प्रभारी हेमंत साहू व आभार प्रदर्शन प्रदीप कुमार मेश्राम द्वारा किया गया। आयोजन में जिला की रेडक्रॉस टीम कमला वर्मा व चंद्रशेखर पवार के द्वारा सीपीआर का प्रशिक्षण सहप्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हेम शार्वा की स्मृति में पुत्री व्याख्याता एनुका शार्वा द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन समिति में प्रभारी प्राचार्य आर एल तारम, एल के ठाकुर वरिष्ठ व्याख्याता, जिला रेडक्रास प्रबंधन समिति की सदस्य एनुका शार्वा, रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा आजीवन सदस्य प्रदीप मेश्राम, डुप्ले साहू, लवण कुमार, कपिल कुमार थे। उक्त कार्यक्रम में रामसहाय देशमुख, डी आर साहू, वी के भंडारी, एस वैदे, पुष्पा कटेंद्र, छाया नंदा, आर एन योगी, एसाहू, आर के कोठारी, ,टी साहू हेमपुष्पा नाईक, सूर्योदय मानिकपुरी एवं समस्त स्टॉफ तथा विशेष आमंत्रित अतिथि वाय के दिल्लीवार, सियाराम शार्वा, मोहित भौसार्य, शिवेंद्र बहादुर साहू, त्रिलोक साहू और रेडक्रॉस एवं स्काउट वालेंटियर श्वेता ,आयुषी, अमर ,ओन सोंलकी ,समीर, लेहान, यामिनी, वेनिका ,विद्या लालकृष्ण, समृद्धि आदि वालेंटियर का योगदान रहा।

# सीएम हाऊस घेराव में शामिल हुए जिले के किसान संघ सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेतृत्व में 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव रायपुर में किया, जिसमें छत्तीसगढ़ से 15 हजार से अधिक संख्या में किसानों ने अपने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया, जिसमें बालोद जिला के सभी तहसीलों से 400 से अधिक संख्या में किसान इस आंदोलन में शामिल हुए। सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मंच पर किसानों की मांग सुनने आए और अपनी फिर वही बात कि हम इसमें विचार करेंगे।

इसके बाद आक्रोशित किसान मुख्यमंत्री निवास घेराव करने निकल पड़े, जिसे पुलिस ने आधे रास्ते में बेरीकेट्स लगाकर रोक दिया, जिससे किसान नाराज होकर सड़क जाम कर दिए। फिर सरकार का प्रतिनिधि शाम 6.15 बजे ज्ञापन लेने आए, उसे ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। मुख्यमंत्री निवास घेराव करने बालोद जिला से भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार मंत्री चाणक्य यादव, उपाध्यक्ष देवी लाल डण्डसेना, टीकम सिंह साहू, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, जैविक प्रमुख मनहरण साहू, विपणन मनोहर सिन्हा, सह मंत्री अशोक कुमार ठाकुर, पर्यावरण प्रमुख योगेश कुमार निर्मलकर, बिज प्रमुख कुबेर दास मानिकपुरी, राजस्व प्रमुख बल्दु राम साहू, खुमु ठाकुर, कार्य कारणी सदस्य यशवंत देशमुख, पुष्पेन्द्र नेताम, बालोद तहसील मंत्री लक्ष्मीचंद्र धनकर, गुण्डरदेही तहसील उपाध्यक्ष रोशन चतुर्वेदी, जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ बालोद अध्यक्ष डॉ तेज़ राम साहू, गुरुर तहसील से जिवन लाल साहू, खिलेद केहरी बालोद ब्लाक सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्णा साहू, जिवधन सेन, भागवत चन्दवंशी, नोमन सिंह साहू, पैगम्बर सिंह मंडावी, बरतीया राम राम सिंगारे, अश्विनी कुमार साहू, कृपाराम साहू, भीखारी राम साहू, राजेन्द्र कुमार, हेमंत कुमार ठाकुर, फत्ते निर्मलकर, लोकेन्द साहू, भुषण बन्डे, सुरेश कुमार ठाकुर, चिंताराम उइके एवं सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री निवास घेराव में शामिल हुए।

# बाल विवाह मुक्त जिले के रूप में बालोद को मिला राष्ट्रीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक के दौरान जिले के सभी 05 जनपद पंचायतों एवं सभी 09 नगरीय निकायों के बाल विवाह मुक्त घोषित होने पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

- कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले को विगत 02 वर्षों के दौरान बालोद जिले के किसी भी ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों के अंतर्गत किसी भी वार्ड में एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होने पर जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं नगीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया है। जिसके लिए आज कलेक्टर मिश्रा द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को बाल विवाह मुक्त घोषित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि इस दिशा में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के फलस्वरूप बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि संपूर्ण जिले वासियों के सहयोग तथा सभी विभागों के सक्रिय सहभागिता के फलस्वरूप बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके लिए संपूर्ण बालोद जिलेवासियों एवं सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों तथा इस कार्य में भागीदारी निभाने वाले सभी लोग बधाई के पात्र हैं।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई निवासी दुरपद बाईएवं ग्राम हल्दी निवासी भगत राम बंजारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण की स्वीकृति, नयापारा ग्राम सिवनी निवासी कामता प्रसाद देवांगन ने वार्ड नंबर 08 में अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराने, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पायला निवासी हरिशचन्द्र साहू ने दिव्यांग पेंशन प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

- कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास, सड़क निर्माण, दिव्यांग पेंशन और छात्रवृत्ति की मांग



इसी तरह ग्राम पायला निवासी गायत्री बाई ने अपने बच्चों को नवनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने की मांग की। ग्राम लाटाबोड़ के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला लाटाबोड़ में शिक्षक नियुक्त करने की मांग की। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे।

# धनतेरस-दीपावली के लिए सजा बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

धनतेरस-दीपावली के नज़दीक आते ही शहर का मुख्य बाजार सज गया है। शहर में सोने-चांदी के आभूषण की दुकाने, बर्तन विक्रेताओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामान की दुकानों जमकर सामान दिखाई दे रहे हैं। मिठाई की दुकानों पर भी तैयारी तेज़ है। स्थानीय आभूषण विक्रेता ओम जैन, संदीप गोगड़ ने कहा, हमने इस बार पहले से अधिक स्टॉक और कुछ त्योहारी छूटें तय कर रखी हैं अभी लोग खरीदारी की योजना बना



रहे हैं, जैसे-जैसे धनतेरस नज़दीक आएगा, लोग आने लगेंगे। एक बर्तन विक्रेता सुभाष चन्द्र ने कहा बर्तन और पूजा-सामग्री की मांग हर साल धनतेरस के निकट बढ़ती है, इसलिए वे भी आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। शहर प्रशासन और व्यापार संघ ने भी सुरक्षा एवं ट्रैफ़िक प्रबंधन के लिए आश्वस्त किया है।

### बाजार में पहुंचे मिट्टी के दीये

दीपों का त्योहार दीपावली नजदीक आते ही दल्लीराजहरा शहर के कुम्हार पसरा, न्यू मार्केट और शास्त्री बाजार में रौनक लौट आई है। बाजारों में पारंपरिक मिट्टी के दिए, लक्ष्मी-गणेश की सुंदर मूर्तियां, कलश, दीपस्तंभ और सजावटी दीप श्रृंखलाएं बड़ी संख्या में पहुंच चुके हैं। कुम्हारों का कहना है कि दीपावली के सीजन में यही वह समय होता है जब उनकी सालभर की मेहनत रंग लाती है। इस बार पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण मिट्टी के पारंपरिक दिए और हस्तनिर्मित मूर्तियों की मांग में वृद्धि हुई है। लोग अब प्लास्टिक और चीनी उत्पादों की जगह स्थानीय कुम्हारों के हस्तनिर्मित सामानों को प्राथमिकता दे रहे हैं। घर सजाने के लिए तोरण, बंधनवार, झिलमिल लाइटें और रंगोली के रंगों की भी खूब बिक्री हो रही है।


**विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले**

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



**विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:**

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि: सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025-26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है । इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन, जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
84353 86927, 98271 28346
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur



सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया

**डौंडीलोहारा।** भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौण्डीलोहारा में मंगलवार को धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सबसे पहले बाबा साहब आम्बेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात परित्राण किया गया अंत मे प्रसाद एवं खीर पुडी का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम मे राजकुमार रामटेके, बली रामटेके डोंगरमल वासनिक, बाबूलाल मेश्राम, रमेश गजभिये, क्षेमेश्वर मेश्राम, नारायण उके, विजय वैदे, पन्ना मेश्राम, संजय वासनिक संगीता वैदे, सत्यभामा रामटेके, अनिता मेश्राम, सावित्री रामटेके, सुनीता रामटेके, बबीता खुंटे, तोरणबाई सावलकर, डामन लाल गोसाई के साथ अन्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### 44 छात्रों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्राचार्य आरके देवांगन के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक 44 विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। हर्षा देवांगन परीक्षा प्रभारी ने कहा इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों में भारतीय संस्कृति के मूल्यों परंपराओं और रीति रिवाज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह परीक्षा छात्रों के बौद्धिक और चारित्रिक विकास में सहायक होता है। परीक्षा अजय पाठक, हेपशिबा एंथोनी, रवि देवांगन, महेश रावटे, परीक्षा सहायक चंद्रमणी वासनिक, टीएल देवांगन, रश्मि साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर भागवत साहू, वेद साहू, बिंदु साहू, बिंदु पटेल, सी सोनबोइर, अनुराधा, सुरेंद्र नेताम, कुंदन आदि उपस्थिति में परीक्षा संपन्न हुआ।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, 3906 छात्र छात्राएं हुए सम्मिलित



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के देवसंस्कृति विश्व विद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विकासखंड डौंडीलोहारा में सोमवार को सम्पन्न हुआ। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के ब्लॉक प्रमुख विशंभर सिंह बगमरिया ने बताया कि कक्षा पांचवीं से कॉलेज तक 4000 छात्र छात्राओं में से 3906 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्रश्न पत्र देखकर परीक्षार्थी खुश होकर प्रश्न पत्र हल कर रहे थे। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सहायक प्रभारी वीरेंद्र कुमार बघेल, भोलाराम साहू ब्लॉक समन्वयक, पुरानिक लाल सोरी, पीलू राम साहू, मिनेश देशमुख, दुष्यंत कोलियारे, ओमप्रकाश केशरा, प्रज्ञा नंद बाघमारिया, रेखा साहू, तुलसी साहू, कौशल्या बाघमारिया, वारुणी दिल्लीवार शिवेंद्र झारिया तथा गायत्री के सभी कार्यकर्तागणों का परीक्षा संचालन में सराहनीय सहयोग रहा।

**निर्वाचन : हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के नए पदाधिकारियों ने संभाली कमान**

# हल्बी आदिवासी समाज के मोहित भौसार्य बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ शाखा डौंडीलोहारा के पदाधिकारियों का निर्वाचन समारोह हल्बा सामाजिक भवन डौंडीलोहारा (बटेरा) में अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सामाजिक ब्लॉक पदाधिकारियों एवं चुनाव पर्यवेक्षक द्वय एम.एल. भुआर्य एवं बी.एस. बढेंद्र की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार माँ दन्तेश्वरी एवं माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मस्तकाभिषेक कर स्वागत किया गया। ललित कुमार भुआर्य (निवर्तमान अध्यक्ष) ने स्वागत भाषण में समाज के उद्देश्य, कर्मचारी प्रकोष्ठ की भूमिका एवं संगठन की सामाजिक एकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात चुनाव पर्यवेक्षक एम.एल. भुआर्य द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। सभी पदों पर निर्वाचन आपसी तालमेल एवं सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। समाज के सक्रिय सदस्यों द्वारा शाखाध्यक्ष के पद पर मोहित भौसार्य, उपाध्यक्ष पद पर कार्तिक राम रात्रे व श्रीमती हिरमन चौरके, सचिव पद पर महेश कोलियारे, कोषाध्यक्ष पद पर संजय नायक, केन्द्रीय प्रतिनिधि श्रीमती बसंती पिकेश्वर, ललित कुमार भुआर्य, प्रदीप खरे एवं रामेश्वर बारला, कार्यकारिणी सदस्य बचन सिंह भुआर्य, प्रेम सिंह कोलियारे, योगेश लाटेन्द्र, शिवेंद्र देहारी व सुखीत उर्वशा का मनोनयन किया गया। मनोनयन पश्चात सभी मनोनीत पदाधिकारियों का अक्षत से मस्तकाभिषेक कर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहित भौसार्य ने अपने प्रथम उद्बोधन में कहा कि

■ महेश कोलियारे सचिव पद पर निर्वाचित हुए

कर्मचारी प्रकोष्ठ समाज की बौद्धिक एवं सेवाभावी शक्ति है। हम सबका कर्तव्य है कि समाज के विकास, शिक्षा के विस्तार और युवाओं के उत्थान में मिलजुलकर कार्य करें। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन की एकता बनाए रखने और समाजहित में निस्वार्थ भाव से योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में शाखा सचिव महेश कोलियारे द्वारा सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सद्भाव, एकता और संगठन की मजबूती की भावना पूरे कार्यक्रम में झलकती रही। समारोह का संचालन कुशलतापूर्वक कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का समापन सामूहिक छायाचित्र और जय-जय हल्बा जय-जय समाज के जयघोष के साथ हुआ।

## तहसील साहू संघ के मिथलेश साहू बने अध्यक्ष



गुरूर। तहसील साहू संघ गुरूर के चुनाव मे अध्यक्ष पद पर ग्राम मिर्रीटोला निवासी मिथलेश साहू विजयी रहे। इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में वर्तमान पदाधिकारी का समर्थन मिथलेश साहू को था। मिथलेश साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 44 मतो के अंतर से हराया। तहसील कुल 997 मतदाता थे। जिनमे 884 मत पड़े। अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था। जिसमे मिथलेश साहू को पितांबर साहू एवं रिखी राम साहू से टक्कर मिल रही थी।

अध्यक्ष पद के तीनो प्रत्याशी पुरूर परिक्षेत्र के निवासी है। जिससे यह चुनाव और भी दिलचस्प हो गया था। जिसमे अध्यक्ष पद पर पितांबर साहू को 335 मत मिला वही मिथलेश साहू ने 379 वोट प्राप्त कर विजयी अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। उपाध्यक्ष पद के लिए ढंगुराम हिरवानी को 269 वोट मिले वही दुष्यंत कुमार साहू को 410 मत प्राप्त कर 41 मतो के अंतर से विजयी रहे। दुष्यंत कुमार, मिथलेश साहू के पैनल से थे। वही मिथलेश साहू के पैनल से महिला उपाध्यक्ष पद उम्मीदवार भागा साहू को 326 वोट पाकर कांटे की टक्कर में व पितांबर पैनल की ललिता साहू 341 मत से 15 मतो के अंतर से हार गई। इस प्रकार ललिता साहू ने महिला उपाध्यक्ष पद पर कब्जा किया। संगठन सचिव पद पर नीलकंठ साहू ने 281 वोट प्राप्त किए व मिथलेश साहू के पैनल के लक्ष्मीचंद साहू ने 367 वोट प्राप्त कर विजयी रहे। महिला संगठन सचिव पद पर अमृत साहू ने 315 वोट प्राप्त किया वही डामेश्वरी साहू ने 365 वोट प्राप्त कर अमृत साहू को 50 वोटो के अंतर से हराया।

इस चुनाव में तहसील के वर्तमान पदाधिकारियो ने मिथलेश साहू पैनल को अपना समर्थन दिया था। मिथलेश साहू के पैनल ने तहसील साहू संघ चुनाव में कुल 5 पदो मे से तीन पदो पर कब्जा किया जिन दो पदो में इस पैनल को हार मिली वे महिलाओ के लिए आरक्षित थे। वही इस दौरान चुनाव संपन्न होने के बाद समाज के पदाधिकारियो ने विजयी प्रत्याशियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## केबीसी के मंच से रोमशंकर ने शुरू की पर्यावरण संरक्षण की मुहिम

**अंडा।** केबीसी के मंच से अब रोमशंकर द्वारा चलाई जा रही पर्यावरण संरक्षण की मुहिम का संदेश पूरे देश में पहुंच गई है। 9 अप्रैल को प्रसारण कौन बनेगा करोड़ पति के प्रसारण के दौरान केबीसी के मंच से अभिताभ बच्चन ने खुद जन्मदिन पर पौधरोपण करने की कही। बात व लोगों से भी जन्मदिन अपील की। सोनी टीवी का प्रसारण होने वाले अन्य देशों तक भी उनका यह संदेश पहुंच गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने केबीसी में रोमशंकर को आदित्य बिरला ग्रुप की ओर से फोर्स फार गुड हीरोस का सम्मान भी प्रदान किया। अमिताभ द्वारा रोमशंकर का जन्मदिन व मांगलिक अवसरों पर पौधरोपण व पौधे भेंट करने की मुहिम को आगे बढ़ाने का ऐलान पर्यावरण जागरुकता के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। इस सीजन में पूरे भारत वर्ष से 10 लोगों का फोर्स फार गुड हीरोस के रूप में चयन किया है। इनमें से एक रोमशंकर का नाम भी शामिल हैं। गौरतलब कि इसके पहले भी रोमशंकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों स्पीक आऊट रिमेनिंग छत्तीसगढ़ सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं।




# जुनवानी में खुली उचित मूल्य की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा



ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 के आश्रित गांव जुनवानी में उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पेंद्र तारिणी चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश नूरेटी, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस, जनपद सदस्य आशा आर्य कार्यक्रम के अतिथि रहे। स्वागत भाषण में सरपंच राजकुमारी देहरी ने कहा कि समूचा गांव आज हर्षित है कि ग्रामीणों को बड़ी सौगात मिली है।

गांव वालों को राशन लेने के लिए चार किलोमीटर का रास्ता अब तय नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों की मांग को जनपद सदस्य आशा आर्य ने पूरा किया है। जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कहा कि वास्तव में संजय है तो संभव है ये बात हमारे क्षेत्र में चरितार्थ भी हो रहा है। पूर्व जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथिलेश नूरेटी ने कहा कि आज का दिन बहुत स्वर्णिम है। अब राशन आपके गांव में ही मिलेगा। आप लोगों ने निःस्वार्थ भाव से लोगों के लिए काम करने वाली जनपद सदस्य आशा आर्य को चुना है। जिनके साथ संजय बैस जैसे साथी का साथ हो वो काम हो कर रहता है। जनपद सदस्य आशा आर्य ने कहा कि मैं जब चुनाव लड़ी पूरे गांव के तरफ से एक मांग थी बेटी आपको हमारे गांव में राशन दुकान को खुलवाना है और मैं जैसे ही जीती मैं संजय बैस के मार्गदर्शन पर उचित मूल्य की दुकान खुलवाने की दिशा में काम में लग गई। जो आज मूल रूप लेते हुए आज ग्रामीणों को राशन मिलना प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि तारणि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आपके गांव में ही अब राशन मिलेगा। आप लोगों को राशन के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। सरकार अभी सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम चला रही थी और आपके सेवक संजय बैस ने शासन और प्रशासन से मिलकर आपके गांव में राशन की दुकान लेकर आए, आप सच्चे जनसेवक के साथ ईमानदार जनप्रतिनिधि है।

संजय बैस ने कहा प्रदेश में विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार है हम सब मिलकर इस क्षेत्र में विकास की नए इमारत खड़ा करेंगे। इस क्षेत्र की समस्या का समाधान करना ही हमारा प्रथम लक्ष्य है। मेरे प्रयास से आज जुनवानी में उचित मूल्य की दुकान प्रारंभ हुआ अब की छत के नीचे सारी सामग्री मिलेगा और जनता की दूर ना जाकर अब गांव में ही मिलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संजय खरे और आभार प्रदर्शन सचिव किसुन पटेल कार्यक्रम में उप सरपंच नूतन कुमार कोठारी, युवा नेता पोषण धनकर, सालिक राम कुलार्य, थानी बाई नायक, हरिश्चंद नायक, मदन लाल रावटे, सर्वे राम पिस्दा, लक्ष्मी बाई, मोनिका खरे, धनमत गावड़े, सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आईटीआई में एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य एनके साहू ने बताया कि एचआईवी एड्स के संबंध में फैली भ्रांतियों एवं एड्स के नियंत्रण के संबंध में एड्स जागरूकता कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर के सी.एच.ओ प्रितमा एवं काउंसलर हेमलता कोसरे के द्वारा एड्स संबंधी भ्रांतियों, नियंत्रण एवं उसके रोकथाम के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा पोस्टर एवं रैली निकालकर एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षण अधिकारी दामिनी शांडिल्य सहित प्रशिक्षणाथऍगण उपस्थित थे।

## रजत जयंती पर रेड रिबन क्लब का आयोजन, रंगोली, रैली और डोर टू-डोर कैंपेन से फैलाई जागरूकता

**अंडा।** शासकीय महाविद्यालय निकुम की रेड्रिबन क्लब के द्वारा रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य मंगलवार को महाविद्यालय परिसर रेड रिबन जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाकर छात्रों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जिसमें स्वयंसेवक छात्रों ने बीमारी से बचने का संदेश दिया है। रंगोली बनने में बी ए 3 सेमेस्टर मे लक्ष्मी देवगन, तोशीका, देविका,फर्स्ट सेमेस्टर के दिव्या निषाद और श्वेता साहू ने भागीदारी निभाई। इसके साथ ही रेली के साथ शपथ लिया गया एड्स के प्रति हम खुद जागरूक रहेंगे। साथ ही साथ दूसरों को भी सचेत रहने का संदेश देंगे। डोर टू डोर कैंपेन के लिए स्वयंसेवकों का एक समूह ने ग्राम निवासियों को जागरूक करने के लिए घर घर जाकर उन्हें समझाया कि टेस्ट कराने को। क्योंकि जब आप सजग रहोगे तो ही आप सुरक्षित रहोगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अंजू रानी ठाकुर, वेदप्रकाश ठाकुर एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शैलजा अभय कुंदन उमेश आदि उपस्थित रहे।




## दीपावली की रौनक बढ़ाने में जुटे कुम्हार मिट्टी के दीयों से रोशन होंगी खुशियां

**अंडा।** दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। अंडा से 10 कि. मी. के दूरी पर बालोद जिले के ग्राम गुरेदा (डगंनिया) में डेहर सिंह कुम्हार माता शांति बाई कुम्हार, छोटा भाई जागेश्वर कुम्हार,देव किशन राज बाई कुम्हार कुम्हार लगभग 30 सालों से इलेक्ट्रानिक चाक से मिट्टी को दीयों को बनाना शुरू हो गया है। पर्व दीपावली नजदीक आ चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों संब कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है।

### मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा

दीपावली 20 अक्तूबर को मनाई जाएगी। दीप पर्व पर मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना महत्व भी है। ऐसे में दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ समय में आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही।



## हेपबिशा एंथोनी हुए छत्तीसगढ़ गौरव 2025 से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा




राजधानी रायपुर के सभागृह में शिक्षक कला एवं प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कर्मचारी नेता नरेंद्र सिंह चंद्राकर के स्मृति में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्र तिवारी पूर्व कर्मचारी नेता अध्यक्षता नरेंद्र चंद्राकर तथा विशेष अतिथि अनील शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ एवं निधि चंद्राकर, संचालक उड़ान छत्तीसगढ़ थे। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। नवाचार, कला, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वाणिज्य की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी को छत्तीसगढ़ गौरव 2025 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर विद्यालय के प्राचार्य आर के देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

■ मुख्य अतिथि सुरेंद्र तिवारी और विशेष अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति

## जामगांव आर में हुआ सांसद खेल महोत्सव

**जामगांव आर।** सांसद खेल महोत्सव सेजस जामगांव आर में हुआ। खेल महोत्सव में ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच रूपेन्द्र शूक्ला, भाजपा जिला मंत्री शैलेन्द्री मंडावी, उपसरपंच मुकेश साहू, सीताराम साहू, मेघनाथ सागरवंशी, नरेश केला, अंगेश्वर साहू, सेजस प्राचार्य ठाकुर, प्राथमिक शाला जामगांव आर शाला के सभी बच्चे मातृशक्ति नंदनी साहू, भारती साहू, मालती साहू, तामेशवरी साहू, ज्ञानेशवरी साहू, धनेशवरी पटेल, सरोज यादव, परमेशवरी साहू, टेमन साहू, कितऍ साहू, सीमा सेन उपस्थित थे।



# आईटीआई में एचआईवी-एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) दल्लीराजहरा में मंगलवार को "एचआईवी एवं एड्स जागरूकता" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों और आम नागरिकों में एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और इसके संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षणार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारण, लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जानकारी की कमी और सामाजिक भ्रांतियां ही इस बीमारी को और खतरनाक बनाती हैं, इसलिए शिक्षा और जागरूकता ही इसका सबसे सशक्त हथियार है। संस्था की प्राचार्य कुसुम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए स्वयं जागरूक रहना और परिवार को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संतुलित आहार, स्वच्छता, योग, ध्यान एवं प्राणायाम को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। प्रशिक्षण अधीक्षक के. के. दुबे ने कहा कि समाज में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक सोच और सहानुभूति का वातावरण बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा "जागरूकता ही सुरक्षा है।

जब समाज स्वास्थ्य के प्रति सजग होगा, तभी प्रदेश और देश स्वस्थ बन सकेगा।" इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी शिवेंद्र कुमार यादव, फनिल कुमार साहू, टिकेश्वर साहू, वीरेंद्र कुमार बघेल, गीतांजलि, शिल्पी वर्मा, चंद्र प्रकाश कश्यप, गीतू गौतम तथा राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे अपने परिवार और समाज में एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्चर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411